दुनिया की कुछ अजूबी इमारतें...



इस की दीवारें मत चाटना!

वैसे, चाटने में कोई हर्ज़ भी नहीं क्योंकि इसकी दीवारें नमक से बनी हैं। न केवल दीवारें बल्कि टेबल, कुर्सी, बिस्तर, सब कुछ! विश्वास नहीं होता, है न। बोलीविया देश (दक्षिण अमरीका) के उयूनी इलाके में बना सॉल प्लाया होटल नमक से बना है। उयूनी बोलीविया का एक देखने लायक इलाका है। यहाँ दुनिया के सबसे विशाल नमक के मैदान हैं। साथ ही दुनिया की सबसे बड़ी नमक की झील भी यहीं पर है।

इन इमारतों पर ज़रा गौर करो:

नाचने वाला मकान
(प्राग, चेक गणतंत्र)

रिप्ली मकानः ऐसा लगता है
जैसे भूकम्प ने इस पर कहर ढाया है।

135 डिग्री कोण से बनी इस
इमारत का कोई नाम नहीं है।
तुम्हें कोई नाम सूझ रहा है क्या?

वंडर वर्क्सः क्या यह कुछ उल्टी-सी
इमारत है?

आड़ी-टेढ़ी इमारतः
पोलैण्ड के सोपोट शहर का
जाना-माना शॉपिंग सेंटर है यह।

गुगनहीम संग्रहालयः
स्पेन के बिलबाओ शहर का
यह अजायबघर दुनिया की सबसे
सुन्दर इमारतों में गिना जाता है।